तापमान

अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026


11 किले के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में होगा बाबा भोले नाथ का विवाह



12 साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने...





## खबर संक्षेप

### आज से सिर्री में मानस सम्मेलन

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छग राज्य स्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन एवं यज्ञ का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक रखा गया है जिसमें छग की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

### विद्युत विभाग का रजत महोत्सव आज

**कुरुद।** विद्युत विभाग की ओर से रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छग शासन के ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जानकारी प्रदन की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरुद करेंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत होंगी। कार्यक्रम आज सुबह 10 बजे स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर केनाल रोड कुरूद में आयोजित है।

### देवपुर में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन 21 व 22 फरवरी को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखा गया है। वार्षिक सम्मेलन में नवनिर्वाचित पाली पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सामाजिक प्रकरणों का निपटारा तथा कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर के आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। सम्मेलन की तैयारी में पाली पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### ऋण वसूली शिविर 6 से 27 फरवरी तक

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 6 से 27 फरवरी तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 6 फरवरी को जनपद पंचायत भवन कुरूद, 17 फरवरी को कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी कक्ष में, 20 फरवरी को जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 27 फरवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविर लगाए जाएंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित इन शिविरों में हितग्राहियों को किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की संपूर्ण बकाया राशि अदा करने की अपील की गई है।

### विधवा, विधुर, तलाकशुदा परिचय सम्मेलन 22 को

**धमतरी।** सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से 22 फरवरी को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर सत्संग हॉल में सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा, युवक-युवती, दिव्यांग सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। फाउंडेशन की ज्योति हिरणवार ने बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे महिला, पुरुषों के अंधेरे जीवन में फिर से बाहर लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 126 पुरुष, 43 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन अभी भी जारी है। इस वर्ष महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ ले सके। कार्यक्रम की तैयारी में जानकी गुप्ता, ज्योति हिरणवार और डॉ. सरिता जुटे हैं।

मापदंड ऐसा कि नहीं बेच पाएंगे आधे किसान धान, कई समितियों में प्रदर्शन की तैयारी

# छूटे हुए किसानों को मौका, आज और कल होगी धान की खरीदी

**केस 1**

भेंडरी खरीदी केंद्र में 59 किसान धान नहीं बेच पा रहे थे। उनके धान का भौतिक सत्यापन भी किया गया, लेकिन भौतिक सत्यापन को ऑनलाइन नहीं करने से अब किसानों का नाम लिस्ट से गायब हो गया है। किसान लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

**केस 2**

लालाराम साहू डाही (बोड़रा) को सिर्फ एक टोकन दिया गया। इस टोकन में उन्होंने जितना धान बेचा, उसकी अधिकांश राशि कर्ज में काट दी गई। अब किसान के पास मजदूरी भुगतान के लायक रुपए नहीं है। दूसरा टोकन जारी ही नहीं किया गया। इस खरीदी केंद्र में 41 किसान धान नहीं बेच पाए हैं। उनका टोकन भी नहीं काटा जा रहा है।

**केस 3**

माटेगहन धान खरीदी केंद्र में बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से चूक गए हैं। इन किसानों के धान का भौतिक सत्यापन भी किया जा चुका है लेकिन टोकन जारी नहीं किया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि उनका पूरा धान खरीदा जाए, अन्यथा वे खरीदी केंद्र से धान उठाने नहीं देंगे। उन्होंने आत्मदाह भी चेतावनी दी है।

**केस 4**

डोंगरडुला खरीदी केंद्र में 9 जनवरी को देवन सिंह ध्रुव सहित 18 किसानों का टोकन था। इस दिन गांव में मड़ई होने के कारण खरीदी बंद कर दी गई। इनमें से सिर्फ 4 किसानों का धान खरीदा गया। 14 किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। एक किसान गाड़ी खराब होने के कारण धान नहीं बेच पाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासन ने बचे हुए किसानों का धान खरीदने के लिए पोर्टल को दो दिन और खोलने की घोषणा की है। इसके तहत 5 और 6 फरवरी को धान की खरीदी की जाएगी। उधर शासन ने इन दो दिनों में धान खरीदी के लिए जो गाइडलाइन निर्धारित की है, उसमें बड़ी संख्या में किसान धान खरीदी से चूक रहे हैं। अब ये किसान आत्मदाह, आंदोलन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे रहे हैं।

शासन की गाइडलाइन के अनुसार सिर्फ तीन प्रकार के किसानों की धान खरीदी की जा सकेगी। ऐसे किसान जिन्होंने 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया था, लेकिन सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान जिन्होंने 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया था और धान का सत्यापन हो चुका है। जिन किसानों ने 28, 29 और 30 जनवरी को टोकन दिया था लेकिन वे धान नहीं बेच पाए हैं। इन मापदंडों में खरा उतरने वाले किसान पूरे जिले में करीब 1500 हैं, जिनसे 70000 हजार क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। इसके बाद भी करीब इतने ही किसान धान बेचने से चूक रहे हैं। इनमें से अधिकांश किसान तो सिस्टम में चूक, अधिकारियों की गलती या अन्य कई कारणों से धान नहीं बेच पाए हैं। ये किसान अब आंदोलन की राह पर हैं।





डाही के किसान लालाराम साहू ने बताया कि शासन ने इस बार किसानों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। कार्रवाई के डर से कोचिया, व्यापारी, राइस मिलर्स धान नहीं खरीद रहे हैं। शासन भी धान खरीदी से पीछे हट रहा है। वे अब तक एक बार धान बेच पाए हैं। पूरी राशि तो समिति का कर्ज चुकता करने में निकल गई। अब तो मजदूरी भुगतान के लिए भी रुपए नहीं है।

### सत्यापन के लिए पोर्टल खोलने की मांग

जानकारी के अनुसार वर्तमान में उन्हीं किसानों का धान लिया जाएगा, जिनके धान का सत्यापन हो चुका है और सत्यापन को ऑनलाइन किया जा चुका है। उधर बड़ी संख्या में किसानों के धान का सत्यापन किया जा चुका है लेकिन अधिकारी सत्यापन को ऑनलाइन नहीं कर पाए हैं। अब इसकी सजा किसानों को भुगतनी पड़ रही हे। किसानों ने बताया कि शासन को सत्यापन के लिए पोर्टल खोलना चाहिए तभी किसान धान बेच पाएंगे।

**जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 17.89 लाख, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई**

# अंतर्राज्यीय यात्री बस से 35.783 किलो गांजा जब्त, दो महिला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर सतत निगरानी और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बोराई क्षेत्र अंतर्गत चेक पोस्ट बोराई पर नियमित वाहन जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 4 फरवरी की रात्रि लगभग 12:30 बजे कोरापुट (ओडिशा) से रायपुर जा रही यात्री बस नरेश क्रमांक सीजी 07 ई 4433 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान बस की लोअर बर्थ क्रमांक 23 एवं 24 पर बैठी दो महिलाएं संदिग्ध प्रतीत हुई, जिनके पास तीन ट्रॉली बैग थे। गवाहों की उपस्थिति में की गई तलाशी में 3 सूटकेस से कुल 8 पैकेट में रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का कुल वजन 35 किलो 783 ग्राम पाया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 17,89,150 रु आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया।



पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना बोराई में धारा 20(बी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। आरोपियों रेखा रानी पति अजय कश्यप उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 24 बाजीगर बस्ती फरीदकोट एवं कोमल चौधरी पति चैतराम चौधरी उम्र 29 वर्ष निवासी दतिया पोस्ट खामनी जिला नवरंगपुर स्थायी पता मथुरा उत्तरप्रदेश को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में टीआई नरेन्द्र सिंह, डोमेन्द्र वट्टी, पारस निषाद समेत स्टाफ का सहयोग रहा।

# ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर इंजन के परखच्चे उड़े, चालक हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- हाईवे में पुरी मोड़ के पास हुई घटना

नेशनल हाईवे में ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। इस घटना में ट्रैक्टर के इंजन के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रेक्टर चालक घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ट्रैक्टर इंजन नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान पुरी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर इंजन के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के इंजन का पिछला बड़ा पहिया टूटकर अलग हो गया। वहीं इंजन भी पूरी तरह कबाड़ हो गया। इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल चालक का उपचार जारी है। घायल का फिलहाल पहचान पता नहीं चल पाया है।



# नाले में बाइक सहित चालक गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- अंबेडकर चौक-रूद्री रोड की घटना

अंबेडकर चौक-रूद्री रोड स्थित एक संकरे नाले में युवक बाइक सहित गिर गया। युवक किसी तरह नाले से बाहर निकल गया लेकिन उसकी बाइक नाले में भरे पानी में डूब गई।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री रोड में हमेशा यातायात का दबाव बना रहता है। इस मार्ग में दिनभर दोपहिया वाहनों से लेकर हैवी वाहनें दौड़ते रहते हैं। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहता है। विशेषकर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इस मार्ग में यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। बीते रविवार की शाम इस मार्ग में घंटों तक जाम लगा रहा। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। इसी मार्ग में अंबेडकर चौक के पास मानसरोवर कपड़ा बाजार के सामने एक संकरा नाला है। उस नाले में एक तरफ की रेलिंग टूट चुकी है। पुल के दोनों ओर अक्सर वाहनों का जाम लगता है। वहीं दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। बुधवार को भी हादसा हो गया। जहां एक युवक बाइक सहित नाले में गिर गया। दोपहर में ग्राम चंदनबिरही निवासी यशवंत साहू बाइक चलाते अंबेडकर चौक रूद्री मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों को साइड देने के लिए बाइक को सड़क से नीचे उतारा। रेलिंग नहीं होने के कारण चलती बाइक सीधे नाले में जा गिरी। चालक युवक भी बाइक के साथ पानी में गिर गया। युवक किसी तरह नाले से बाहर निकले में सफल हुआ लेकिन उसकी बाइक नाले के पानी में डूब गई। घटना के कारण मार्ग में ट्रेफिक जाम हो गया। पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति को देखते हुए शिवा प्रधान ने पहल करते हुए जेसीबी की मदद से बाइक को नाले से बाहर निकलवाया। हालांकि इस घटना में युवक को मामूली चोट लगी है लेकिन इस मार्ग में वाहनों के दबाव के चलते नाले में गंभीर हादसा हो सकता है।



# जिपं की सामान्य सभा में जी-राम-जी पर बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**बैठक में शिक्षा, वन, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों की हुई समीक्षा**

बुधवार को जिला पंचायत के सदन में वीबी जी-राम-जी योजना पर पक्ष-विपक्ष में जमकर बहस हुई। इसके अलावा वन, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बिजली, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।

वन विभाग की समीक्षा के दौरान उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कार्यों की समीक्षा में उदंती सीतानदी के अंतर्गत रिसगांव तथा अरसी कन्हार का रेंज आफिस सांकरा है। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में आवागमन के लिए कच्चा रास्ता, पुल पुलिया, रपटा, नियम के तहत छात्रावास निर्माण, अवैध कटाई निरीक्षण के लिए बीट गार्डों को क्वाटर में रहने पर जोर दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार से पत्राचार करने पर चर्चा हुई।



जिला पंचायत की सामान्य सभा में विपक्ष ने जी-राम-जी योजना से मनरेगा मजदूरों को रोजगार छीनने का आरोप लगाते हुए सदन में बहस की। पक्ष ने सदन में जी-राम-जी पर विस्तार से बताया । 95 हजार करोड़ की बजट वाली इस योजना से भविष्य का भारत निर्माण होगा। बैठक में जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, विधायक ओंकार साहू, कविता बाबर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्रसिंह ठाकुर सहित जिला पंचायत सदस्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : जिला अस्पताल में एक दिवसीय विशेष हृदय जांच शिविर लगा

# 49 बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की हुई पुष्टि, 26 को तत्काल सर्जरी की जरूरत

- चिन्हित बच्चों के उपचार एवं फॉलो-अप में नहीं होगी कोई परेशानी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में जन्मजात हृदय दोषों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में एक दिवसीय विशेष हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह विशेष शिविर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यूएल कौशिक के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व से चिन्हित एवं पात्र बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात दोष, विकासात्मक विलंब, पोषण संबंधी समस्याओं एवं गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा।








शिविर में एमएमआई रायपुर की वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बक्शी ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों की ईकोकार्डियोग्राफी जांच कर हृदय रोगों की सटीक पहचान की। शिविर के दौरान कुल 53 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 49 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। इनमें 26 बच्चों को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता पाई गई, जबकि 23 बच्चों को नियमित फॉलो-अप एवं आगे के उपचार हेतु चिन्हित किया गया। वहीं4 बच्चे ईको जांच में पूर्णतः सामान्य पाए गए।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से बच्चों में गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि चिन्हित बच्चों को उपचार, सर्जरी एवं फॉलो-अप में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

शिविर के सफल आयोजन में जिला स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आरबीएसके टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कालेज में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 6 से

**कुरुद।** कुरूद महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। परीक्षाएं 6 से 18 फरवरी तक होंगी। 6 फरवरी को केमेस्ट्री द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 8 बजे, 17 फरवरी को जुलाजी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 9 बजे तथा 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगी।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**कुरुद।** कुरूद कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बीए और बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 18 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे होगी। इसमें बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष केवल गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व छात्र, बीए बीएससी तृतीय वर्ष के नियमित, गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व सभी छात्र शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड पर भूगोल विभाग के प्राध्यापकों से 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करवा लें। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व अपनी प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री के साथ विभाग में उपस्थित होना होगा।

### पीएम अजय के लिए शिविर 10 से 25 तक

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण राशि 1 लाख रूपये, जिसमें अनुदान राशि 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि योजना में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार करने 10 से 25 फरवरी तक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाएगा। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दूधवारा में 10 फरवरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोड़ापार में 13 फरवरी, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 18 फरवरी और कुरूद विकासखण्ड के रावनगुड़ा में 25 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह सभी शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## निधन

### गीता साहू



**सिर्री।** ग्राम बकली निवासी गीता साहू उम्र 73 वर्ष का निधन 2 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे राधेश्याम साहू की बहन थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।


### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम सेहराडबरी प.ह.नं. 22 मंडल भोथली तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 39/1 रकबा 0. 32 हे. में से करीब 15000 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है जिसकी पंजीयन की कार्यवाही अति-शीघ्र होनी है।

अतः उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक अथवा समीपस्थ भूमि स्वामी या अन्य किसी को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर अपने आपत्ति के संबंध में अथवा अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के विवादों एवं भारों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

अतः यह सूचना सद्भावना पूर्वक प्रकाशित करायी जा रही है।

धमतरी
दिनांक :-04/02/2026

**एम.डी. लच्छवानी (अधिवक्ता)**
**भगवती बेकरी के पास विमल टाकीज रोड बनियापारा धमतरी**


राज्य के 100 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को तलाशने की मुहिम तेज

# पूरे छत्तीसगढ़ के चुनिंदा सौ शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

- एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान चयन प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) सह नवजतन कार्यक्रम के तहत वारियर्स शिक्षकों के चयन के लिए धमतरी जिले के चारों विकासखंडों के विद्यालयों में आकलन की प्रक्रिया शुरू की गई है। पूरे प्रदेश भर में सितम्बर माह में 1193 शिक्षकों ने उक्त सम्मान के लिए अपना पंजीयन किये थे जिनमें से धमतरी जिले से बढ़चढ़कर 96 शिक्षकों ने वॉरियर्स सम्मान कार्यक्रम में अपना पंजीयन करवाये हैं। पंजीकृत शिक्षकों द्वारा साल भर अपने विद्यालय में किए गए कार्यों का अवलोकन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तरीके से किया जा रहा है।

अवलोकन तीन चरण पर आधारित है। प्रथम चरण में शिक्षकों के कार्यों का मूल्यांकन उनके विद्यालय के बच्चों के शैक्षिक स्तर पर है। दूसरा चरण शिक्षक द्वारा अपने विद्यालय में साल भर किए गए कक्षागत कार्य एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन एवं तीसरे चरण में राज्यस्तरीय टीम द्वारा साक्षात्कार लिया जाना है। त्रिस्तरीय मूल्यांकन के आधार पर पूरे प्रदेश स्तर पर 100 शिक्षकों को वारियर्स शिक्षक सम्मान के लिए शार्ट लिस्ट की जाएगी। सुनील मिश्रा एवं शिक्षकों की स्वप्रेरित पहल से राज्य स्तर पर यह शैक्षणिक चुनौती दी गई है। शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में फोर ब्लॉक मॉडल एवं नवजतन के बिंदुओं पर कार्य करते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार का प्रयास किया। शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों के आकलन के लिए पूरे जिले में 3 सदस्यीय 4 टीमों का निर्माण किया गया है जो पंजीकृत शिक्षकों के कार्यों का अवलोकन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तरीके से कर रहे है। जिले के धमतरी ब्लॉक से 45, नगरी 17, मगरलोड 23 और कुरूद से 11 शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय, एफएलएन प्रभारी श्रीमती संगीता रणघाटी एवं प्रशिक्षण प्रभारी कैलाश सोन के निर्देशन में पूरे जिले में 5 फरवरी तक अवलोकन कार्य किया जाना है। त्रिस्तरीय परीक्षण के पश्चात चयनित शिक्षकों को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

धमतरी जिले में अवलोकन कार्य में श्रीमती अनसुईया सिन्हा, लालाराम साहू, दीपेंद्र साहू, गोविंदराम निषाद, रमेश यादव, छगन विश्वकर्मा, जितेंद्र पाल, डिगेश कश्यप, दीक्षा सूर्यवंशी, वेदिका ध्रुव, माहेश्वरी सिन्हा, उर्मिला नेताम, शशिकला जाधव जुटे हुए हैं।

# बैडमिंटन में प्रियंका तो शतरंज प्रतियोगिता में हेमा रही अव्वल



- कुरूद महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को खेल के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उनसे होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

प्रथम दिवस 2 फरवरी को बैडमिंटन, शतरंज एवं कबड्डी का आयोजन महिला एवं पुरूष वर्ग के लिए किया गया। बैडमिंटन में महिला वर्ग में प्रियंका प्रथम एवं द्वितीय दीपिका साहू रही। पुरूष वर्ग में प्रांजल सिन्हा प्रथम एवं ओमनारायण यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज महिला वर्ग में हेमा चन्द्राकर प्रथम एवं हेमा सिन्हा द्वितीय रही। शतरंत पुरूष वर्ग में लोकेश्वर ने प्रथम एवं तेजपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में महिला वर्ग में रेणुका छांटा, रेणुका गायकवाड़, हिना, यामिनी, मीनाक्षी, प्रियंका एवं कल्पना साहू ने प्रथम व ललिता, हेमा, टामिन, कृतिका, मानिका, भोजकुमारी, डेविका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरूष वर्ग में देवेन्द्र, कुलद्वीप, उमाकांत, तिजेन्द्र, सोमेश, ऋषभ, लेखराम प्रथम व पुरूषार्थ, हेमप्रकाश, मोहेन्द्र, राकेश, हितेन्द्र, पुष्कर एवं तुषार द्वितीय रहे।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी समेत अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीजे डांस स्पर्धा में 40 टीम के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

- कर्राघाटी में माघी पुन्नी मेला मड़ई पर हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**



ग्राम कर्राघाटी में माघी पुन्नी मेला मड़ई के अवसर पर कला और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। युवा समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आई 40 टीम के कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम व विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच राजेश कोर्राम, धनेश कुंजाम, अश्वन कुंजाम थे। प्रमोद कुंजाम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य कला को निखारने के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता एक सर्वोत्तम मंच है। जब कलाकार सामूहिक, एकल या युगल नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देते हैं, तो दर्शक दीर्घा से गूंजने वाली तालियों की गड़गड़ाहट ही उनका सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। हमारे क्षेत्र के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है, बस उन्हें सही मंच की तलाश रहती है।

एकल डांस में प्रथम नंदनी नेताम दुगली, द्वितीय जान्हवी बलौदाबाज़ार, तृतीय संगीता कांकेर, युगल डांस में दिनेश रवीना बालोद, द्वितीय त्रिवेणी संगम धमतरी, तृतीय राजनंदिनी कोंडागांव और सामूहिक डांस में प्रथम आरएन सम्हर बागबहारा, द्वितीय स्वरागिनी रतनपुर, तृतीय जय महामाया धमतरी, चतुर्थ नित्या डांस ग्रुप दुर्ग ने जीता। विजेता प्रतिभागियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्की यादव ने किया।

## गांव की उम्मीदों को बल देने वाला बजट : अनुराग

**जीजामगांव।** केंद्रीय बजट को लेकर जहां देशभर में चर्चा जारी हैं, वहीं कुरूद जनपद पंचायत के जनपद सदस्य अनुराग साहू ने इसे गांव, किसान और गरीब वर्ग की उम्मीदों को मजबूत करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का प्रयास है। बजट में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल सुरक्षा और किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलेगी तथा खेती को लाभ का सौदा बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े प्रावधानों के साथ रोजगार सृजन पर भी जोर दिया गया है, जिससे गरीब और पिछड़ा वर्ग के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।



# रामायण प्रतियोगिता में कांकेर व राजनांदगांव की मंडली प्रथम

- जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव**



ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया। आयोजक समिति ने बताया कि तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने भाग लिया।

महिला वर्ग में प्रथम जय मां अंबे गौरी मानस मंडली रेंगाकठेरा कांकेर, द्वितीय जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसियां नगरी, तृतीय अदिति हर्षा बालिका मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, चतुर्थ माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव गरियाबंद, पंचम जय मां चितावर महिला मानस मंडली सारागांव गरियाबंद, विशेष सम्मान व्याख्या में स्वाति महिला मानस मंडली रूआबांधा भिलाई, गायन में ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़ बेमेतरा, वादन में रेशमी महिला मानस मंडली बिरकोनी कोसमखुंटा महासमुंद विजयी रहे।

पुरूष वर्ग में प्रथम जय श्री राम मानस मंडली सोनपुरी खैरागढ़ राजनांदगांव, द्वितीय जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता बासीन गरियाबंद, तृतीय पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, चतुर्थ स्वरांजलि मानस मंडली बीजा बैरागी कवर्धा, पंचम नव चेतन मानस परिवार भाठागांव कुरूद रहे। व्याख्या में श्रद्धा सुमन मानस परिवार बनबगौद नगरी, गायन में श्री राम मानस परिवार भलेसर महासमुंद, वादन में गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा ने बाजी मारी। यह जानकारी संतराम

# बेस्ट लर्निंग तकनीक पर हुई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में बेस्ट लर्निंग टेक्निक अंतर्गत शिक्षण संबंधी प्रकारों सीखने के तरीकों से संबंधित कार्यशाला योगेन्द्र साहू द्वारा आयोजित की गई जो कई वर्षों से पढ़ने के तरीकों पर शोध कर रहे है। विद्यार्थी किस- किस तरीकों से अध्ययन कर सकते हैं, जिनसे पढ़ाई संबंधित विषयवस्तु को लंबे समय तक याद रख सकें तथा पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़े। विद्यार्थी इस तकनीक का उपयोग अपने अध्ययन के साथ–साथ जीवन में कर सकें।

मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन, डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. कौशल नायक, डॉ. कविता, आो. लालमन बेरवंश, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चौरे, प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला, डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए।

# करैहा हाईस्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- सरपंच ने कलेक्टर से नए शौचालय व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**



नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करैहा के शासकीय हाईस्कूल में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर सरपंच एवं ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में दो अलग-अलग मांग पत्र प्रस्तुत कर स्कूल की आधारभूत सुविधाओं के शीघ्र सुधार की मांग की है।

पंचायत द्वारा सौंपे गए पहले आवेदन में बताया गया कि स्कूल परिसर में स्थित बालक एवं बालिका शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और वर्तमान में उपयोग के लायक नहीं हैं। इसके कारण विद्यार्थियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत ने स्कूल में नवीन एवं सुरक्षित शौचालय निर्माण के लिए तत्काल राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

दूसरे आवेदन में स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई है। पंचायत ने बताया कि बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण स्कूल के संसाधन, शौचालय भवन एवं परिसर में लगाए गए पौधे असुरक्षित हैं और अक्सर नुकसान की आशंका बनी रहती है। स्कूल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 800 मीटर लंबाई की बाउंड्री वाल (अहाता) निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

करगा में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन

# सच्ची भक्ति से ही होगी ईश्वर की प्राप्ति : पं. कुमेश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी**





ग्राम करगा में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया गया है। कथा वाचक पं. कुमेश शर्मा ने 4 फरवरी बुधवार को ध्रुव चरित्र की कथा बताते हुए कहा कि ध्रुव चरित्र महाराज उत्तानपाद और माता सुनीति के 5 वर्षीय पुत्र ध्रुव की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प की पौराणिक कथा है। सौतेली मां सुरुचि के दुर्व्यवहार से दुखी होकर ध्रुव ने भगवान विष्णु को पाने के लिए नारद मुनि के मार्गदर्शन में मधुवन में कठोर तपस्या की। विष्णुजी ने प्रसन्न होकर उन्हें अमरत्व का वरदान देकर आकाश में ध्रुव तारे (ध्रुव तारा) के रूप में अटल स्थान दिया। आगे कहा कि ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे, लेकिन सौतेली मां सुरुचि ने उन्हें मेरा पुत्र न होने के कारण अपमानित किया। माता सुनीति की सलाह पर ध्रुव ने भगवान विष्णु को पाने की प्रतिज्ञा की। तभी वन में नारद जी ने ध्रुव को ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र की दीक्षा दी और विष्णु की तपस्या करने को कहा।

कठोर तपस्या 5 वर्ष की अल्पायु में ध्रुव ने छह महीने तक एक पैर पर खड़े होकर निराहार तपस्या की। ध्रुव की निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और आशीर्वाद दिया। भगवान ने ध्रुव को न केवल पृथ्वी पर लंबे समय तक शासन करने का आशीर्वाद दिया, बल्कि मृत्यु के बाद उन्हें ध्रुव तारे के रूप में, जो अपनी जगह से कभी नहीं हिलता (अटल), सबसे ऊंचा स्थान प्रदान किया। यह कथा सिखाती है कि दृढ़ निश्चय और सच्ची भक्ति से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है।

कथा सुनने राधे चरण साहू, प्रेमबती साहू, भूपति साहू, हेमलता साहू, गोविन्द साहू, गोमती साहू, संतोष साहू, मनभौतिन साहू, टेकराम, इंदलराम, चोपेश्वर, गुलाब, खुबचंद, बिरेन्द्र, भीमेश्वर, तिलक, फनेश, गिरवर, तुलसी राम, रूपेश, हिमांशी, रेणुका, दुर्गेश सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित

# कमलेश भाजपा सोशल मीडिया छग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)**



भाजपा संगठन ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय, अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता कमलेश चंद्राकर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक कौशल, डिजिटल माध्यमों में प्रभावी कार्यशैली और पार्टी के प्रति निष्ठा का प्रमाण मानी जा रही है।

गौरतलब है कि कमलेश इससे पूर्व भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक धमतरी के रूप में दो सफल कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया।

अपनी नियुक्ति परश्री चंद्राकर ने पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, दीपक महेस्के, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी सहित पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उनकी इस उपलब्धि पर ज्योति भानु चंद्राकर, चेतन हिंदूजा, राजीव सिन्हा, महेश केला, गणेश साहू, दीपक चंद्राकर, कमल शर्मा सहित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### दो दिन की मोहलत नहीं, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी हो : ओंकार



**धमतरी।** धान खरीदी की अवधि में केवल दो दिन की बढ़ोतरी को लेकर विधायक ओंकार साहू ने साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों के साथ मज़ाक है। सिर्फ तारीख बढ़ाना दिखावटी कदम है। इससे किसानों की वास्तविक समस्या का कोई समाधान नहीं होगा। श्री साहू ने कहा कि सरकार को चाहिए कि सभी बचे हुए किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान अनिवार्य रूप से खरीदे तभी किसानों को उनका वास्तविक हक मिल पाएगा। वर्तमान व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में किसान आज भी धान बेचने से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि टोकन की अव्यवस्था, रकबा कटौती और खरीदी सीमा जैसी समस्याओं ने किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से गंभीर संकट में डाल दिया है। ऐसे में केवल दो दिन की तारीख बढ़ाकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। ओंकार साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धान खरीदी किसानों का अधिकार है, कोई कृपा नहीं। जब तक सभी पात्र किसानों का पूरा धान समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि किसानों के हित में तत्काल ठोस निर्णय लेकर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी सुनिश्चित की जाए।

### परीक्षा के समय तनाव कम करने की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव को कम करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन, पर्याप्त नींद एवं संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी मानसिक समस्या या दबाव की स्थिति में खुलकर बात करने और सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी व्यक्तिगत कठिनाइयों एवं परीक्षा से जुड़ी चिंताओं को साझा किया, जिनका डॉ. देश दीपक द्वारा व्यावहारिक एवं सरल उदाहरणों के माध्यम से समाधान बताया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य शेफाली भदोरिया, जिला सलाहकार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंकित सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि पर शिवभक्ति में डूबेगा पूरा शहर, बसंत पंचमी से शुरू हो गई है तैयारी

# किले के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में होगा बाबा भोलेनाथ का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर एक बार फिर महाशिवरात्रि पर शिव-भक्ति, उल्लास और परंपराओं का साक्षी बनने जा रहा है। इस वर्ष भी बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं बोलबम कांवरिया संघ मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ के विवाह का भव्य और अलौकिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर से लेकर पूरे शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन में शिवजी की बारात, विवाह की समस्त पारंपरिक रस्में, मनमोहक झांकियां और भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर तिलक उत्सव के साथ बाबा भोलेनाथ के विवाह की तैयारियों का शुभारंभ हो चुका है।

14 फरवरी को भव्य शिव बारात निकलेगी। इसी दिन भंडारा-प्रसादी के पश्चात दोपहर 3 बजे मां विंध्यवासिनी मंदिर से भगवान बूढ़ेश्वर महादेव की भव्य बारात निकाली जाएगी। यह बारात शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सदर बाजार, घड़ी चौक, शिवजी चौक, शिव चौक होते हुए किले स्थित श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।





### भजन संध्या और रुद्राभिषेक से होगा समापन

15 फरवरी को प्रातः भव्य आरती, भोग आरती, संध्या आरती एवं श्रृंगार आरती संपन्न होगी। इसके पश्चात शाम को भजन संध्या होगी। ओके सिन्हा एवं प्रियंशी तिवारी एंड टीम द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 12 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा, जो प्रातः 4 बजे तक चलेगा।

### हल्दी, मेहंदी और मंगलगीत से सजेगा बाबा का विवाह उत्सव

11 फरवरी को बाबा भोलेनाथ को हल्दी लगाई जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालु स्वयं बाबा को हल्दी अर्पित करेंगे और एक-दूसरे को हल्दी लगाकर विवाह की खुशियां साझा करेंगे। 12 फरवरी को मेहंदी कार्यक्रम होगा। भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार मेहंदी से किया जाएगा। इसके पश्चात वही मेहंदी श्रद्धालुओं के हाथों में भी लगाई जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो कुंवारे युवक-युवतियां श्रद्धा भाव से बाबा के नाम की मेहंदी लगाते हैं, उनके विवाह शीघ्र संपन्न होते हैं। 13 फरवरी को मंगलगीत का आयोजन होगा। महिलाएं पारंपरिक विवाह गीतों के माध्यम से बाबा भोलेनाथ को रिझाएंगी।

# सम्बलपुर रेलवे ट्रैक में अंडरपास की जरूरत



- ट्रैक के उपर आवागमन से बना रहेगा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत सम्बलपुर में रेलवे ट्रैक पर अंडरपास निर्माण कराने सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए महापौर रामू रोहरा भी साथ रहे।

बुधवार को सरपंच मंजू चन्द्राकर, संजय चन्द्राकर सहित ग्रामीण सम्बलपुर रेलवे ट्रैक में अंडरपास बनाने जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें पांच बिंदुओं पर फोकस किया है। ज्ञापन में कहा है कि बड़ी रेललाइन का विस्तार कार्य प्रगति पर है। उक्त रेललाइन ग्राम सम्बलपुर के वार्ड क्र. 17-18 से होकर गुजरेगी जहां रेलवे ट्रैक पर 2.5 मीटर उंचा अंडरपास निर्माण की आवश्यकता है क्योंकि रेलवे एवं मुख्य केनाल के बीच 350 एकड़ कृषि भूमि है। जहां कृषि कार्य के लिए किसान मजदूरों का आना-जाना लगा रहता है। वार्ड क्र. 18 में आंगनबाड़ी केन्द्र 3 संचालित है। मोहल्ले की जनसंख्या 300 है। गोठान तक मवेशियों को आने-जाने तथा मोहल्ला में प्राचीन देवगुड़ी है जहां त्योहार, पर्वों में महोत्सव मनाया जाता है। इन कारणों से रेलवे ट्रैक पर अंडरपास बनाने की आवश्यकता है, नहीं तो घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।

# पचास लाख की राशि से बदलेगी गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे केवल सदन में ही नहीं, बल्कि जमीन पर भी अपनी पकड़ उतनी ही मजबूत रखते हैं। ताजा मामला कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का है, जहां चंद्राकर के मास्टर स्ट्रोक ने विकास की फाइल को सचिवालय से सीधे धरातल पर उतार दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने एक अहम आदेश जारी करते हुए मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के तहत 50.75 लाख रुपये की राशि मंजूर की है। यह कोई रूटिन फंड नहीं है, बल्कि विधायक अजय चंद्राकर की उस माइक्रो-प्लानिंग का हिस्सा है, जिसके तहत उन्होंने क्षेत्र के 9 सबसे जरूरी बुनियादी कामों के लिए सीधे शासन से हरी झंडी ली है। श्री चंद्राकर ने इस बार फंड का आवंटन किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया है। हसदा और दमकाडीह जैसे गांवों में 10.40 लाख की लागत से सीसी रोड का जाल बिछेगा। चन्द्रसुर, गिरौद,



अरौद और मोतिमपुर में 26 लाख रुपये खर्च कर सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे, जो गांव की पंचायत और सामाजिक बैठकों का केंद्र बनेंगे। हसदा में रंगमंच का निर्माण ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने की श्री चंद्राकर की पुरानी योजना का हिस्सा माना जा रहा है। खैरझिटी और अरौद में करीब 10 लाख की लागत से आधुनिक नालियों का निर्माण होगा। विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से मिली यह 50.75 लाख की राशि केवल सीमेंट-कांक्रीट का काम नहीं है, बल्कि कुरुद के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का सोशल ब्रिज है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंकों की अहम भूमिका : मिश्रा

- कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए शासकीय योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों एवं आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाए। अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित बैंक अथवा शाखा के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत आवेदन, स्थापना प्रक्रिया एवं विशेष शिविरों की संख्या बढ़ाने तथा एक समान दर नीति लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवसंरचना विकास, ऊर्जा स्वावलंबन एवं वित्तीय समावेशन जिले की प्राथमिकताएं हैं, जिनसे जनसुविधाओं में सुधार के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े सभी ऋण प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृत किया जाए। साथ ही पीएमएफएमई योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फरवरी माह तक सभी लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने जिले की बड़ी पंचायतों में बैंकिंग सुविधा प्रारंभ करने के लिए निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने निजी क्षेत्र के बैंकों को निर्देश दिए कि वे कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन से संबंधित ऋण प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन एवं मत्स्य पालन) योजना, जनसुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, आधार सीडिंग, एनआरएलएम 2025-26 के लक्ष्य, ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) तथा सितंबर 2025 की तिमाही प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिपं गजेंद्रसिंह ठाकुर, आरबीआई प्रतिनिधि अविनाश टोप्पो, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, कार्यपालन अभियंता विद्युत मंडल अनिल सोनी, ननि उपायुक्त पीसी सार्वा, लीड बैंक अधिकारी इन्द्रकुमार टिलवानी सहित विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मिरगी बीमारी से पीड़ित युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गाय लाने गई मिरगी बीमारी से पीड़ित एक लड़की दूसरे दिन खेत में मृत मिली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सियादेही निवासी उमा साहू पिता आत्माराम उम्र 47 वर्ष बचपन से मिरगी की बीमारी से पीड़ित थी। उमा जब पांचवीं पढ़ रही थी तब उसे मिरगी का पहला अटैक आया था। मिरगी के साथ-साथ उसकी दिमागी हालत भी कमजोर थी। सोमवार की शाम उमा गाय को लाने के लिए चौक की तरफ गई थी जो रात तक घर नहीं लौटी। परिजन देर रात्रि तक उमा को आसपास तलाश करते रहे। लेकिन कहीं पता नहीं चला। मंगलवार को भी परिजन दोपहर तक तलाश कर रहे थे। इसी दौरान एक ग्रामीण ने जंगल के पास खेत में किसी के पड़े हुए देखने की जानकारी दी। परिजन तत्काल खेत में पहुंचे जहां उमा अचेत पड़ी हुई थी। उसकी मौत हो



चुकी थी। सूचना पर केरेगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। शाम हो जाने के कारण मौके पर शव का पंचनामा नहीं हो सका। पास में जंगल होने से जंगली जानवरों के खतरे को देखते हुए पुलिस ने शव को रात्रि में जिला अस्पताल के मर्च्युरी में शिफ्ट करा दिया। पुलिस ने बुधवार को जिला अस्पताल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने अंदेशा जताया है कि लड़की की मौत मिरगी का दौरा पड़ने से हुई होगी।

# पहली, दूसरी के बच्चों ने 25 तक पहाड़ा, चार भाषा में दिया परिचय






- प्राथमिक शाला कन्या आमदी में हुआ पालक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

गुरुवार को शासकीय कन्या प्राथमिक शाला आमदी में पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य आतिथि ओंकार साहू विधायक थे। अध्यक्षता बुधराम कोसरिया अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति प्रा. कन्या शाला आमदी ने की। विशेष अथिति ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, विशिष्ट अतिथि हेमंत माला पूर्व अध्यक्ष, मनोज साहू पूर्व अध्यक्ष, तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष, अनीता ध्रुव पूर्व पार्षद, पार्षदगण ललिता पटेल, ऋषभ ठाकुर पार्षद, चितेन्द्र साहू, पारसमणि साहू, जागेश्वर नेताम, एनके खरे संकुल प्राचार्य दीपेंद्र साहू संकुल समन्वयक थे। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

प्रधानपाठिका तृप्ति रानी मंडावी ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय में चल रहे गतिविधियों, नवाचारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही विद्यालय की समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। अतिथियों ने स्कूल के नवाचार, गतिविधियों की प्रसंशा की। पहली, दूसरी के बच्चों ने 25 तक पहाड़ा, चार भाषा में परिचय, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी वार्तालाप सुनाया।

मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। पालकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा पाचवीं की छात्रा जान्हवी ,पालक श्रीमती सोनी कोसरिया एवं शिक्षिका कीर्ति बारले ने किया। मौके पर दीनबन्धु सिन्हा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला खरतुली, शैलेश शर्मा प्रधान प्रधान पाठक मुजगहन, लोकेश्वरी सार्वा प्रधानपाठक सायफन पारा मुजगहन, लक्ष्मी कुमार साहू प्रधानपाठक पीएमश्री स्कूल आमदी, कोमलता गंजीर, सरोज नंदनी गजेंद्र, वीणा ध्रुव, सोमदत्त साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में सूर्यकांत उइके शिक्षक ,मुकेश्वरी साहू स्वीपर, गीता साहू, रेखा देवांगन रसोइया एवं पालकगणों का सहयोग रहा।

### श्री रामचरित मानस जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है : रोहरा

**धमतरी।** ग्राम कुरमातराई में श्रीराम चरित मानस कथा महोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता महामंत्री महेंद्र पंडित ने की। विशेष अतिथि आमदी मण्डल अध्यक्ष विनय जैन, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, लोकेश वैष्णव पूर्व सरपंच थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने सीआरपीएफ का टेमेश साहू एवं एमबीबीएस में तेज प्रकाश का चयन होने पर स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। प्रदेश की ख्यातिप्राप्त मण्डलियों ने प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, सेवा और करुणा के भावों को प्रस्तुत किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मौके पर अध्यक्ष शेष नारायण साहू, संयोजक निलेश ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू, सचिव टेकराम साहू, कोषाध्यक्ष धनंजय साहू, सहसचिव सतीश साहू, सलाहकार भीषम साहू, दुष्यंत साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# देवपुर मेला में स्काउट गाइड के छात्रों ने दी सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डोंगेश्वर धाम देवपुर माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित पुन्नी मेला क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के रोवर रेंजर ने दो दिन तक सेवा दी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र, प्राचार्य नंदकिशोर साहू, कुलेश्वर साहू के निर्देशन व मार्गदर्शन में मेला क्षेत्र के मंदिरों, पुलिस के साथ गश्त, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था में अपनी सेवाएं दी। लीलान्द्री, खुशी, धनेश्वरी, दुर्गा, धनेश्वर, गीतिका, ज्योति, घमेश्वरी, तेमेश्वरी, इंद्राणी, हिना, प्रेरणा, मुक्तेश, गेतेंद्र, दुर्गेश दास, पिकेश्वर, हुमेश, गोपेश, योगेंद्र विजय ने सहयोग किया।

# मृतक के परिजनों को श्रद्धांजलि राशि भेंट की

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में खेमचंद यादव रसोईया सहायक की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी केकती यादव को 2000 रुपये की सहयोग राशि श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत प्रदान की गई। इस अवसर पर सरपंच रामकुमार यादव, पंच कांति नेताम, मीलेश्वरी निषाद व परिवार जन उपस्थित रहे।



### विहिप, बजरंग दल ने मनाई संत रविदास जयंती

**मगरलोड।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा 1 फरवरी को संत रविदास जयंती मनाई गई। रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर भजन कीर्तन, आरती पूजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला सामाजिक समरसता प्रमुख टामेश्वर सिंह ठाकुर ने संत रविदास के जीवन चरित्र, शिक्षा पर प्रकाश डाला। जात-पात और और उंच नीच के भेदभाव को मिटाकर हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान किया।


**सी. एस. आर प्रोजेक्ट के लिए प्रशिक्षण पार्टनर की आवश्यकता है**

धमतरी जिले के सभी ब्लाक धमतरी, नगरी, मगरलोड के लिए प्रशिक्षण संस्था संचालन करने हेतु।

| क्र. | विषय | आवश्यक प्रशिक्षण संस्था के लिए | |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर प्रशिक्षण पार्टनर | स्वयं का प्रशिक्षण संस्था हो या प्रशिक्षण संस्था संचालन कर सकें। | अंतिम तिथि 14.02.2026 |
| 2 | सिलाई प्रशिक्षण पार्टनर | स्वयं का प्रशिक्षण संस्था हो या प्रशिक्षण संस्था संचालन कर सकें। | |

संपर्क करें- 9406371358 csrchhattisgarh05@gmail.com







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## चिंवरी में मानस स्पर्धा एवं सम्मेलन 6 से



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में जागृति युवा संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय रामायण प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया गया है। यह प्रतियोगिता का 31वां वर्ष है जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

## सलोनी में सत्संग समारोह 7 से



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी में दो दिवसीय सदगुरु कबीर ज्ञान यज्ञ एवं सत्संग समारोह का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे तक एवं शाम 3 बजे से शाम 6 बजे तक कबीर पंथी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। संत रामजीवन शास्त्री साहेब कबीर आश्रम किरवई दामाखेड़ा छग, आचार्य पीठ कबीर आश्रम सागर मध्यप्रदेश से अपनी संत मंडली सहित आ रहे हैं। आयोजक समिति प्रमुख सत्संगी भगवान दीन साहू ने बताया कि दानीराम नागेश की भजन मंडली द्वारा संगीतमय आत्मिक गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। तैयारी में रोहित साहू, झनकेश्वर साहू, सेवक राम साहू, शेखर साहू, सुमन साहू, रोहित दास मानिकपुरी, तेवदास मानिकपुरी, मनोहर दास मानिकपुरी, श्यामदास मानिकपुरी, चतुरदास मानिकपुरी जुटे हुए हैं।

## अतिथियों ने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला

**नगरी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में वार्षिक उत्सव सह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### मुस्लिम समाज ने साजिशकर्ता के खिलाफ तीन दिन के अंदर कार्रवाई की मांग की

# साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मुस्लिम समाज ने साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं का नाम काटने की गंभीर शिकायत की है। बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे मुस्लिम समाज ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। कुछ प्रक्रिया जारी है जिसके तहत तहसीलदार के पास फर्जी आवेदन एसआईआर में जुड़े मुस्लिम मतदाताओं का नाम काटने के लिए दिया जा रहा है।

शिकायत के मुताबिक धमतरी निगम के अधारी नवागांव के करीब 150 मतदाताओं के नाम काटने की शिकायत तहसीलदार तथा बीएलओ के पास की गई है। शिकायत में जिस व्यक्ति का हस्ताक्षर है, वह फर्जी है। अधारी नवागांव वार्ड के मतदाता बैतुल कौसर जिसका इपिक नं वायवायआरओ 262204 है, उसे मृत घोषित करते हुए फर्जी शिकायत कर उसका नाम मतदाता सूची से नाम काटने का आवेदन किया है। जबकि बैतुल कौसर जीवित है। इसी तरह जिले के अन्य क्षेत्र में भी ऐसी ही फर्जी शिकायत हुई है। मगरलोड तहसीलदार के पास मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटने राधा नामक फर्जी हस्ताक्षर कर आवेदन किया गया है। राधा का कहना है कि उसने कोई आवेदन नहीं किया है।

मुस्लिम समाज ने कहा है कि साजिशकर्ता ने फार्म 7 का दुरूपयोग किया गया है। उनके पास सबूत के तौर पर कुछ उदाहरण है। वार्ड तथा गांवों के फर्जी आवेदन कर नाम काटने की शिकायत की जा रही है जिस पर शीघ्र रोक लगाई जाए। मामले की जांचकर फर्जी शिकायतकर्ता के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए। तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की जाती है तो मुस्लिम समाज और पीड़ित मतदाता आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुस्लिम समाज के मो.सलीम रोकड़िया, मो. जुनैद रिजवी, मो. इरफान गोड, एमए फहीम, मो.दिलावर रोकड़िया, राजू कुरैशी, अफजल अली रिजवी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

## कर्णेश्वर मेले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने देव विग्रहों से लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि मांगी

कर्णेश्वर धाम में आयोजित पांच दिवसीय मेले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने आंगा देवता सहित विभिन्न देव विग्रहों की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। ज्ञात हो कि कर्णेश्वर धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला अपनी विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलो के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी अनेक देवी-देवताओं का आगमन होता है, जिससे यहां की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ जाती है। 11वीं सदी के ऐतिहासिक कर्णेश्वर मंदिर की प्राचीन विरासत, लोक आस्था और परंपराओं का अद्भुत संगम इस मेले में देखने को मिलता है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने बताया कि कर्णेश्वर धाम केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान इन देवस्थलों और मेलों से ही सुदृढ़ होती है, इसलिए हम सभी का दायित्व है कि इन परंपराओं को संरक्षित और आगे बढ़ाएं।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता,पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव मोहन पुजारी, आनंद अवस्थी, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, ललित निर्मलकर, प्रेमलता नागवंशी, चेलेश्वरी साहू, जागेश्वरी साहू, लीना साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पूर्व छात्र कुणाल का जल सेना में चयन, हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी के सत्र 2023-24 बैच के छात्र कुणाल का नेवी (जल सेना) में चयन होने पर विद्यालय में सभा आयोजित कर प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू द्वारा पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं शाल से सम्मानित किया गया। 10वीं में 93 और 12वीं में 81 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ है। उसका शुरु से ही लक्ष्य रहा कि वह सेना में भर्ती होकर देश सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, माता-पिता एवं आचार्यों का आशीर्वाद रहा। इस सफलता पर विद्यालय समिति अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष ऋषिकांत सिन्हा, सचिव डॉ. रवि शाडिल्य, कोषाध्यक्ष महावीर श्रीमाल, एकता सिंह, सहसचिव ईशु नाग ने हर्ष जताया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी है।

## खेल के मैदान से जीवन मूल्यों का विकास : पं. राजेश

- सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मिशन मैदान में आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी, धर्मप्रेमी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंडित राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में सिंधी समाज के वरिष्ठजनों, खिलाड़ियों एवं बड़ी संख्या में दर्शकों की सहभागिता रही।

समारोह को संबोधित करते हुए पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि खेल का मैदान व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन की खामियों को दूर करने का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द्र का संचार होता है। उन्होंने कहा कि जीवन की प्रत्येक स्पर्धा में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन खेल में भाग लेकर जो आत्मिक आनंद और सकारात्मक अनुभूति मिलती है, वही इसके आयोजन का मूल उद्देश्य है।

श्री शर्मा ने यह भी कहा कि जिस निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ सिंधी समाज ने इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है, उससे निश्चित ही भविष्य में इस क्षेत्र से पारंगत खिलाड़ी निकलकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर धमतरी की पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष चंद्रलाल जसवानी, अशोक वाधवानी, महेश रामरख्यानी, महेश लचवानी, आमापारा पार्षद विजय मोटवानी, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय साहू, सुनील रेवलानी, राजू पंजवानी, गुलशन छाबड़िया, यश राजपूत, पप्पू शिंदे, अमित पंजवानी, विकास शर्मा, कैलाश कुकरेजा, बंटी वधवानी, कैलाश बख्तानी, समाजसेविका प्राप्ति वाशानी सहित समाज प्रमुख और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ में टेमेश का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देमार के भूतपूर्व छात्र टेमेश कुमार साहू ग्राम कुरमातराई निवासी का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्राचार्य देवनाथ साहू ने बताया कि टेमेश कुमार विद्यार्थी जीवन से ही देश सेवा के लिए तैयारी कर रहे थे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरपंच विमलेश मीनपाल, विधायक प्रतिनिधि दिनेश साहू, सांसद प्रतिनिधि केआर साहू, संत कुमार साहू, संजय साहू, मणिकांत जोशी, श्रीमती परमेश्वरी साहू, श्रीमती शीतल मीनपाल, दिनेश कुमार कुंभकार, सुरेंद्र चौरे, सुरेश कुमार साहू, शीकुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू, हनीफ मोहम्मद, राकेश सिन्हा, लता पटेल, पदमनी साहू, राकेश साहू, त्रिभुवन यादव, लोकेश सोनवानी, पुनेश्वर निर्मलकर ने हर्ष जताया है।

## छात्र संगठन ने जर्जर स्कूलों के शीघ्र मरम्मत की मांग की

- अपर कलेक्टर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिले की गंभीर शिक्षा समस्याओं को लेकर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन जिला कमेटी धमतरी ने अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले के जर्जर और अतिजर्जर स्कूल भवनों की शीघ्र मरम्मत, पुनर्निर्माण और मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि धमतरी जिले में कुल 164 सरकारी स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, जिनमें 127 प्राथमिक, 35 माध्यमिक और 2 हाई स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा 24 स्कूल ऐसे हैं जिनके पास स्वयं का भवन तक नहीं है। कई स्कूलों में छत से पपड़ियां गिर रही हैं, फर्श धंस गए हैं, शौचालयों की हालत खराब है और बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। मजबूरी में कई जगह कक्षाएं सामाजिक भवनों में संचालित की जा रही हैं।

जिला अध्यक्ष डारेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज को सही दिशा देती है, लेकिन जर्जर भवनों में पढ़ाई छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। उन्होंने भोयना हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन, सभी स्कूलों और कॉलेजों को जोड़ने वाली निःशुल्क सरकारी बस सेवा शुरू करने, छात्रों के लिए पर्याप्त सीटों वाले सरकारी हॉस्टल खोलने और शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग रखी।

जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी ने बताया कि पूर्व में भोयना हाईस्कूल को हायर सेकंडरी बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। छात्र संगठन ने शासन से मांग की है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय गीता सारथी, गुमान साहू और पंकज साहू भी उपस्थित रहे।

## खरेंगा में विवादास्पद नाली हटाई गई



- जिला पंचायत सदस्य के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में लंबे समय से विवाद का कारण बनी नाली को आखिरकार हटा दिया गया। यह कार्रवाई जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन के निर्देश पर की गई। नाली को लेकर ग्रामीणों के बीच असंतोष और विवाद की स्थिति बनी हुई थी, जिसे देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप आवश्यक हो गया था। उक्त नाली के निर्माण को लेकर ग्रामवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। ग्रामीणों का कहना था कि नाली का निर्माण नियमों के विपरीत किया गया था, जिससे आवागमन में बाधा और तनाव उत्पन्न हो रहा था। मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पंचायत एवं प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर विवादास्पद नाली को तोड़ने की कार्रवाई की। नाली हटाए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार का अवैध या विवाद उत्पन्न करने वाला निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जागृति को महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष की कमान

**कुरूद।** जिला साहू समाज धमतरी के संगठनात्मक ढांचे को नई



मजबूती प्रदान करते हुए जागृति साहू को जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया। जागृति ने जिला साहू समाज के जिलाध्यक्ष गणेश राम साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता केवल पद संभालना नहीं, बल्कि महिला प्रकोष्ठ को धरातल पर सक्रिय और कार्यशील बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज की महिलाओं को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को नई ऊंचाई देना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास होगा। वरिष्ठों के मार्गदर्शन और युवाओं के जोश के साथ समाज में नई कार्य संस्कृति विकसित की जाएगी।

## इंडोर स्टेडियम में राज्यस्तरीय कुश्ती चैम्पियनशिप 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के तत्वावधान में अंडर-15 बालक एवं बालिका वर्ग की राज्यस्तरीय कुश्ती चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 8 फरवरी को इंडोर स्टेडियम धमतरी में होगी। यह प्रतियोगिता आगामी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में बालक फ्री-स्टाइल, बालक ग्रीकोरोमन स्टाइल एवं बालिका फ्री-स्टाइल वर्ग के पहलवान भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के दिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक वजन मापन किया जाएगा, जबकि मुकाबले दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होंगे। बालक वर्ग में 38 से 85 किलोग्राम तक विभिन्न भार वर्ग रखे गए हैं, वहीं बालिका वर्ग में 33 से 66 किलोग्राम तक के भार वर्ग शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों की आयु वर्ष 2011 व 2012 के बीच होना अनिवार्य है। वर्ष 2013 के पहलवान मेडिकल प्रमाण पत्र अथवा माता-पिता की सहमति से भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आधार कार्ड, पहचान पत्र, छत्तीसगढ़ निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी तथा अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में चयनित विजेता पहलवानों को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में आयोजन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता की तैयारी में जगन्नाथ सिंह यादव, विकास सिंग ठाकुर, लक्ष्मण लाल साहू, जगन्नाथ सिंह यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ अध्यक्ष जुटे हैं।




## विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बटोरीं तालियां

- सोरिदभाट स्कूल में शालेय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक वार्षिक उत्सव हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सोरिदभाट स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शालेय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की

उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य, समूह गीत एवं एकल प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जमकर तालियां बटोरीं। साथ ही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता हुई।

मुख्य अतिथि महापौर श्री रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं कला के क्षेत्र में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम होते हैं। समापन अवसर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## आठ आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी सहायिका की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण के तहत भानपुरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-03 और क्रमांक-02, आंगनबाड़ी केन्द्र धौराभाठा, बोदाछापर, तिर्रा, दोनर क्रमांक-02, तेन्दूकोना और खरेंगा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती की जानी है।

परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण ने बताया कि सहायिका की भर्ती के लिए इच्छुक पात्र ऐसी महिलाएं जो उसी ग्राम, पारा अथवा टोला की निवासी हैं, वे ई-भर्ती पोर्टल एडब्ल्यूडब्ल्यूडाट ई-भारती डाट इन पर 9 से 23 फरवरी तक आवेदन कर सकती हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020